# शिक्षा की ज्योत जलेगी सोलर लैम्प में

- आईआईटी मुंबई धार जिले में करेगा पहल
- 3000 विद्यार्थियों को अनुदान पर मिलेंगे सोलर लैंप

**धार।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी मुंबई द्वारा अब धार जिले में भी अपना प्रयोग उन गरीब बच्चों तक भेजा जाएगा, जो कि रात में बिजली के उपलब्ध नहीं होने पर अंधेरे में पढ़ाई करने को मजबूर हो जाते हैं। संस्थान का केवल यहीं तक सोच सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता और उसके उपयोग की ललक बढ़े, यह भी एक मकसद है। बताया जाता है कि जिले में करीब तीन हजार विद्यार्थियों को अनुदान पर विशेष प्रकार के सोलर लैम्प उपलब्ध कराएंगे, इसके लिए धार जिले के तिरला व नालछा विकासखंड का चयन किया है।

आईआईटी मुंबई के विशेषज्ञ ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सोलर लैम्प उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसकी कीमत 500 रुपए हैं, किंतु उसे विद्यार्थियों को 120 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। यह व्यवस्था बिजली की बचत और बिजली की कटौती दोनों से जुड़ी हुई है। सौर ऊर्जा चलाने के लिए बच्चों को प्रेरित करने से भी जुड़ी हुई है। जिले में जल्द ही इसका वितरण एक गैर सरकारी संस्थान के माध्यम से शुरू किया जा रहा है जो कि पहले इस मामले में कुछ युवाओं को प्रशिक्षित करेगी और उसके बाद उन्हें सोलर लैम्प के मेंटेनेंस के बारे में भी जानकारी देगी। बताया जाता है कि यह प्रशिक्षण कार्ड संस्थान द्वारा मुंबई के विशेषज्ञों के माध्यम से 16 से 18 मई तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 2015 तक लैम्प का मेंटेनेंस करने के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। साथ ही नवीनीकरण ऊर्जा के लिहाज से भी यह एक विशेष प्रयोग होगा। आईआईटी मुंबई द्वारा जो सोलर लैम्प बनाए गए हैं, उसमें दोराबजी टाटा ट्रस्ट द्वारा रियायत दी जा रही है। इसी के चलते 120 रुपए में देशभर के 10 लाख विद्यार्थियों तक यह सोलर लैम्प पहुंचाने की यह कवायद शुरू हुई है। **- निप्र**



इस तरह विद्यार्थी पढ़ सकेंगे सोलर लैंप के उजाले में।